हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–18 : जौनपुर, मंगलवार 06 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मां कामाख्या सहित चार नई नगर पंचायत के गठन पर सहमति एवं 15 प्रस्तावों को मंजूरी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में नगर विकास विभाग के 12 प्रस्ताव पारित हुए है। अयोध्या की मां कामाख्या नगर पंचायत सहित चार नई नगर पंचायतों का गठन हुआ है। अब प्रदेश में कुल 756 निकाय हो गए हैं। बैठक में आठ निकाय की सीमा के विस्तार का भी निर्णय लिया गया है। अलीगढ़ नगर निगम का भी सीमा विस्तार किया जाएगा। – बैठक में कीट रोग नियंत्रण के लिए योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत 2022–23 से 2026–27 तक 192 करोड़ 57 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। – कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि योजना के तहत किसानों को अनुदान दिया जाएगा। इससे 41 लाख 42 हजार किसान लाभान्वित



होंगे। – बैठक में 19 सितंबर से विधानमंडल सत्र शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## देवकली से बेलाव पुलिया पर पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में मजिस्टीयल जॉच कराये जाने हेतु उपजिलाधिकारी द्वितीय को किया गया नामित

जौनपुर सू.वि. : अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय, लाल बहादुर ने अवगत कराया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के पत्र के अनुसार दिनांक–09.06.2022 को थाना क्षेत्र केराकत के अन्तर्गत देवकली से बेलाव पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में वादी उ0नि0 श्री संतोष कुमार यादव, प्रभारी चौकी थानागद्दी थाना–केराकत, जौनपुर पर मु0अ0सं0 210/2022 धारा 307 भा0द0वि0 बनाम शैलेन्द्र प्रताप यादव उफ एस0पी0 यादव आदि 03 नफर, मु0अ0सं0/2011/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 बनाम कमर हसन उर्फ रसीद उर्फ नेता एवं मु0अ0सं0 2012/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम शैलेन्द्र प्रताप यादव उर्फ एस0पी0 यादव व कमर हसन उर्फ रसीद उर्फ नेता पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गये थे, जिसे पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु ट्रॉमा सेंटर बी0एच0यू0, वाराणसी से भर्ती कराया गया, जहॉ पर इलाज के दौरान दिनांक– 15.06.2022 को समय– 07.55 बजे अभियुक्त कमर हसन उर्फ रसीद उर्फ नेता पुत्र जफर उर्फ चुन्नू निवासी परसहॉ कयामुद्दीनपुट्टी, थाना–निजामाबाद जनपद–आजमगढ़ की मृत्यु हो गयी थीं। उक्त प्रकरण की मजिस्टीयल जॉच कराये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश 16 जून 2022 द्वारा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय को नामित किया गया है। उक्त प्रकरण की मजिस्टीयल जॉच अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय द्वारा की जा रही हैं। इस सम्बन्धा में सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि नोटिस तामिला के एक सप्ताह के अन्दर मेरे न्यायालय कोर्ट नं0 16, अतिरिक्त उप जिलाधिकरी, जौनपुर मे उपस्थित होकर अपना मौखिक/अभिलेखिय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

## शिक्षक समाज का दर्पण होता है – डॉ लक्ष्मी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब गोमती जौनपुर द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार देर शाम एक होटल के सभागार में 32वा शिक्षक दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष देवेश गुप्ता के व्दारा सभा प्रारंभ की घोषणा के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा सर्वपल्ली जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व ज्योति प्रज्ज्वलन किया गया। इसी क्रम में सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व क्लब की प्रथम महिला निधि गुप्ता के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर रश्मि मौर्य के द्वारा ध्वजवंदना व राष्ट्र गान प्रस्तुत किया। साथ ही साथ शान्वी मौर्या ने गुरु वंदना पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं क्लब अध्यक्ष देवेश गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि यह क्लब की बड़ी पुनीत परंपरा है की प्रत्येक वर्ष क्लब के द्वारा समाज को दिशा दशा दिखाने वाले हैं हम अपने गुरुजनों का आज दिन विशेष पर सम्मान व अभिनंदन करते हैं। कार्यक्रम में आगे संयोजक दीपक चिटकारीया ने श्रद्धेय सर्वपल्ली जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने की बात की। तत्पश्चात सम्मानित होने वाले सभी शिक्षक गण का जीवन परिचय व शिक्षा जगत में उनके योगदान को सदन में प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह व विशिष्ट अतिथि डा.क्षितिज शर्मा द्वारा सम्मानित होने वाले शिक्षक गण राकेश सिंह, अजय सिंह, डॉ. सरला, डॉ. निरुपमा



गुप्ता, श्रीमती किरण श्रीवास्तव, श्रीमती प्रतिमा गुप्ता, डॉ. तस्नीम फातमा, श्रीमती अर्चना गौड, श्रीमती चेतना साहनी, श्रीमती नूपुर सिंह, व श्रीमती प्रज्ञा जी को रीजन चेयरपर्सन अशोक मौर्य व जोन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता के उपस्थिति में सभी शिक्षक गणों को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पे मुख्य अतिथि डा. लक्ष्मी सिंह जी ने कहां की शिक्षक समाज का दर्पण होता है जो अपने ज्ञान व विज्ञान से नौनिहालों को सिचता है जो समय–समय पर शिक्षक द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डा. क्षितिज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने जीवन में उन प्रत्येक शिक्षकों को याद रखना चाहिए जिन्होंने हमारे जीवन को अपने शिक्षा व ज्ञान के भंडार से बदल दिया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षक राकेश सिंह, डॉ. तस्नीम फातमा व अजय सिंह ने अपनी बात सदन में रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राजेश मौर्या, डॉक्टर जी सी सिंह, डा. सुलोचना सिंह, धीरज गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, सुधा मौर्य, संतोष साहू, गौरव श्रीवास्तव, अनिल अग्रहरी व अनिल पांडे का विशेष योगदान रहा।डॉ प्रमोद वाचस्पति व अब्दुल हक अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। संचालन क्लब के पूर्व अध्यक्ष मनीष गुप्ता के द्वारा किया गया व उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार सै. हसनैन कमर दीपू प्रकट किया।सभागार में धनंजय पाठक, धर्मेंद्र गुप्ता, अजय श्रीवास्तव,सुधीर साह, सुनीता श्रीवास्तव, अरुणा पांडे, डॉ. पूजा यादव, मोहम्मद मुस्तफा, शिवकुमार, सुनील कश्यप, डॉक्टर नरेंद्र यादव व सुभाष कश्यप, आदि सम्मानित नागरिक गण उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के 3 फार्मासिस्ट निलंबित : सीएमएस के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का आदेश –बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूपी के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने जौनपुर के सीएमएस के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और तीन फार्मासिस्ट को निलंबित करने का निर्देश भी दिया है। डिप्टी सीएम ने यह कार्रवाई करंजकला ब्लॉक में 4 जून को छापेमारी के दौरान निजी मेडिकल स्टोर के गोदाम में सरकारी दवाइयां मिलने के मामले में की है। स्वास्थ्य मंत्री के इस निर्देश से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गई है। पूर्व एसडीएम सदर हिमांशु नागपाल ने छापेमारी कर गोदाम से सरकारी दवाइयां बरामद की थी। तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने 4 जून को 2022को छापेमारी में लगभग 12 लाख रुपए की सरकारी दवा पकड़ी थी। इन दवाइयों के पैकेट पर 'नॉट फॉर सेल' लिखा हुआ था। जून में हुई छापेमारी के दौरान पकड़ी गई थी दवाइयों में से अधिकांश दवाई जुलाई के महीने में एक्सपायर होने वाली थी। हिमांशु नागपाल ने मीडिया को बताया था कि जिसके पीछे बड़ा रैकेट हो सकता है। इस मामले में तीन फार्मेसिस्ट की संलिप्तता सामने आई थी। सरायख्वाजा थाने में धारा 419, 420 और 120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में जांच की कमान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने संभाली थी। जांच के दौरान जिला चिकित्सालय में कार्यरत कक्ष संख्या 21 के मुख्य फार्मासिस्ट संजय सिंह, ओपीडी काउंटर के मुख्य फार्मासिस्ट वीरेंद्र मौर्य और काउंटर संख्या 20 के मुख्य फार्मासिस्ट अखिलेश उपाध्याय का नाम सामने आया था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा स्पष्ट किया गया था कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड और जांच में तीनों की भूमिका स्पष्ट हो गई । जांच रिपोर्ट में हिमांशु नागपाल ने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार शर्मा को भी जमकर लताड़ लगाई थी। उन्होंने कहा था कि सीएमएस अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं। अगर सीएमएस सतर्क होते तो दवाइयों की कालाबाजारी को रोका जा सकता था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की लापरवाही तय करते हुए हिमांशु नागपाल ने कहा था कि सीएमएस नियंत्रण नहीं रखते हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मंगलवार को 3 फार्मासिस्ट और सीएमएस के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। डिप्टी सीएम ने मंगलवार को ट्वीट कर जानकारी दिया की 3 फार्मासिस्ट को निलंबित किया जा रहा है।

## टीचर सेल्फ केयर टीम जौनपुर ने जिला अधिकारी व सांसद जौनपुर को सौंपा सीएम नामित ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : टीचर सेल्फ केयर टीम TSCT के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला अधिकारी जौनपुर मनीष कुमार वर्मा व लोकसभा सदर जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर परिषदीय बेसिक शिक्षकों को सामुहिक बीमा सुविधा प्रदान करने की मांग की । टीचर सेल्फ केयर टीम के संयोजक अरविंद कुमार यादव ने कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में चल रही परिषदीय शिक्षकों के सामूहिक बीमा की व्यवस्था वर्ष 2014 से बंद है। अभी हाल ही में कोरोना की वजह से लगभग 2100 शिक्षकों की मृत्यु हुई।लेकिन सामुहिक बीमा से आच्छादित न होने के कारण दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि उनके परिवारों को कोई भी सहायता राशि नहीं मिल सकी । श्री यादव ने कहा कि इस शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को कम से कम 50 लाख रुपये की बीमा राशि




से आच्छादित किया जाय ।इस शिक्षक दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश भर के शिक्षकों का यही सबसे बड़ा सम्मान होगा ।इस मौके पर इंदुप्रकाश यादव, लोकेश मौर्य, रजत श्रीवास्तव अनिल गौतम अनिल यादव , अजीत यादव , राजेन्द्र उपाध्याय, अशोक पाल, अश्वनी पाल, संजय विश्वकर्मा अखिलेश मौर्या आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन 8 से 11 सितंबर तक लविंस एकेडमी में होगा आयोजित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जनर्लिस्ट प्रेस क्लब सभागार में जिला बैडमिंटन संघ सचिव राजीत श्रीवास्तव व चेयरमैन आयोजन समिति रेमी चंद्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 प्रतियोगिता का आयोजन 8 सितंबर से 11 सितंबर तक लेविंस एकेडमी बैडमिंटन हॉल धर्मपुर में आयोजित होगा उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खेलकूद नवनीत सहगल समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन चेयरमैन/ वाइस उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ विराज सागर दास होंगे प्रतियोगिता बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ से संबंध है। उत्तर प्रदेश को 6 सालों के बाद मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जो मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में आयोजित हो रहा है ईस्ट जोन के प्रत्येक प्रदेश के चुने हुए 150 पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश उत्तरांचल झारखंड बिहार उड़ीसा पश्चिम बंगाल की टीमें भाग लेंगी




प्रतियोगिता टीम स्पर्धा व्यक्तिगत स्पर्धा में भी आयोजित होंगी विजेता उपविजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने केरल के अनुभवी रेफरी मेल्विन मिनाय राजस्थान के लोकेश सोनी को डिप्टी रेफरी तथा हिमाचल प्रदेश के विश्वनाथ मनकोटी को मैच कंट्रोलर नियुक्त किया है। प्रतियोगिता के प्रायोज के एस्प्रा सिटी हॉस्पिटल योनेक्स सनराइज डी टी इंटरप्राइजेज रेडियो मंत्रा मीडिया पार्टनर व भारतीय बैडमिंटन संघ होगा।

## मोर्चा ने स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आंदोलन को दिया समर्थन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा एवं इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉईज फेडेरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी पी मिश्रा ने प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के लंबे अरसे से लंबित मांगों पर तत्काल निर्णय करें। अन्यथा मोर्चा भी सक्रिय सहयोग करने को बाध्य होगा। मिश्र ने बताया कि महासंघ की मांगों पर मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव स्तर पर कई बार बैठक हुई थी और मुख्य सचिव ने निर्देश जारी किया था कि वित्त विभाग के साथ बैठक करके एक माह में सार्थक निर्णय करें परंतु सभी मांगे यथावत लंबित हैं जिसके कारण महासंघ को आंदोलन करने का निर्णय करना पड़ रहा है। प्रमुख मांगे सातवें वेतन आयोग के अनुरूप विभिन्न संवर्गों के पदों का पुनर्गठन दैनिक कर्मचारियों का राज्य कर्मचारियों की भांति विनियमितीकरण। सेवा नियमावली का प्रख्यापन रिक्त पदों पर नियमित भर्ती एवं पदोन्नतियां। मिश्र ने बताया कि मोर्चा के घटक संगठन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,राजकीय निगम कर्मचारी महासंघ , रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद , माध्यमिक शिक्षक संघ , इंद्रा भवन जवाहर भवन वेलफेयर एसो, फेडेरेशन आफ फारेस्ट आदि के पदाधिकारियों ने कल के कार्यक्रम को समर्थन देते हुए जनपद शाखाओं को भी सम्मिलित होने का निर्देश व सरकार को पत्र प्रेषित किया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एक और लीडर जैसी काबिलियत : अभिव्यक्ति की शक्ति या पावर ऑफ एक्सप्रेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यह एक बहुत ही शक्तिशाली उपकरण है जो आपको अपने विचारों को स्पष्टता और सहजता के साथ प्रस्तुत करने में मदद करता है। आपने अगर ध्यान दिया हो तो आपने महसूस किया होगा



कि आप कई लोगो की बातों से काफी प्रभावित होते है और उनकी कही बातों का अनुसरण करने लगते है। उसी तरह से यदि आप अपनी बात को सकारात्मक और सही ढंग से व्यक्त करते है तो आप भी अपना प्रभाव छोड़ सकते है। इस काबिलियत को सुधारने के लिए आप बोलचाल में शुद्धता का पालन करें, संक्षिप्त रहें और विचार और भाषण की स्पष्टता सुनिश्चित करें। इसके अलावा अपनी भावनाओं को व्यक्त करें, विभिन्न व्यक्तित्वों के साथ संवाद करें और हमेशा सोच को सही दिशा में अग्रसर करें । इसलिए इन पहलुओं को विस्तार से समझने के लिए, वरिष्ठ सलाहकारों से संपर्क करें जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। जीएसएम डिफेंस एकेडमी लखनऊ एक ऐसा ही प्लेटफॉर्म है जो कि लखनऊ में 4 सीनियर आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## अयोध्या की रामलीला का मंचन हुआ शुरू : मंच को हाईटेक बनाने की पूरी तैयारी

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अनवरत रामलीला का मंचन भजन संध्या स्थल पर शुरू हो गया है। कोरोना काल के बाद से अप्रैल से अनवरत रामलीला शुरू हुई थी । राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राम कथा संकुल में अनवरत रामलीला अब तक चल रही थी। जहां श्रद्धालुओं को रामलीला देखने में असुविधा हो रही थी। सांसद के प्रयास से रामलीला का मंचन भजन संध्या स्थल पर शुरू हुआ हो गया है। आज पहले दिन अनवरत रामलीला का दीपक जलाकर सांसद लल्लू सिंह ने शुभारंभ किया । रामलीला के मंचन का स्टेज हाईटेक होगा। सरयू के तट पर रामलीला के मंचन से श्रद्धालु आसानी से रामलीला का आनंद ले सकेंगे। श्रद्धालु भगवान राम के जीवन चरित्र से रूबरू हो सकेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि रामलीला मंच को हाईटेक बनाने के लिए पूरी प्रयास की जाएगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से भजन संध्या स्थल लैस रहेगा। कलाकारों से लेकर श्रद्धालुओं तक की मूलभूत सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। पहले शहर के बाहर रामलीला का मंचन पर्यटक नहीं देख पा रहे थे।

## राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को वितरित की गई वस्तुएं

जौनपुर सू.वि. : 06 सितम्बर 2022 को विकास खण्ड सुजानगंज में माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा दिव्यांगजनों को 112 अदद ट्राईसाइकिल, 05 मदद व्हीलचेयर, 10 अदद हियरिंग एड, 10 मार्ट



केन, एवं 05 बैसाखी का वितरण किया गया है। सहायक वितरण समारोह की अध्यक्षता माननीय ब्लाक प्रमुख श्रीमती ऊषा शुक्ला पत्नी श्रीप्रकाश शुक्ला द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुश्री दिव्या शुक्ला एवं खण्ड विकास अधिकारी सुजानगंज सचिन कुमार भारती उपस्थित रहें। सहायक उपकरण वितरण में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड सुजानगंज के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## जीडीपी की विकास दर की निरंतर बनी रहे : तब आराम से आत्मनिर्भर हो जाएगा भारत

आत्मनिर्भर भारत, मुद्रा ऋण, मेक इन इंडिया फॉर वर्ल्ड जैसी क्षेत्रवार लक्षित उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और रक्षा एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापन जैसी पहलों ने भविष्य के लिए एक मजबूत विकास मंच तैयार किया है।

वित्त वर्ष 2022–23 की अप्रैल–जून की तिमाही में देश की सकल घरेलू विकास (जीडीपी) दर 13.5 फीसदी हो गई, जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे तेज है। विकास दर में यह तेज वृद्धि कृषि एवं विनिर्माण में सुधार तथा सेवा क्षेत्र के लगभग पूरी तरह से खुल जाने के कारण हुई है। हालांकि, यह वृद्धि अब भी रिजर्व बैंक के हालिया पूर्वानुमान (16.2 फीसदी) से कम है। 51 अर्थशास्त्रियों वाले रॉयटर्स सर्वेक्षण में भी अपने यहां पहली तिमाही में 15.2 फीसदी सालाना विकास दर की भविष्यवाणी की गई थी।

इसलिए 13.5 फीसदी का आंकड़ा भले मजबूत दिख रहा हो, लेकिन रिजर्व बैंक एवं बाजार की उम्मीदों से कम है। पिछले साल इसी अवधि में भारत की जीडीपी में 20.1 फीसदी की वृद्धि हुई थी। यह काफी हद तक कोविड–19 और लॉकडाउन के कारण कम आधार रखे जाने के कारण था। इसके चलते अप्रैल–जून 2020 में जीडीपी में –23.8 फीसदी की बहुत तेज गिरावट देखी गई। इस संख्या को संदर्भ में रखने के लिए, आइए, कोविड पूर्व जीडीपी की तुलना जीडीपी पर कोविड के तीन वर्षों के प्रभाव से करते हैं।

अप्रैल से जून, 2018 के दौरान जीडीपी 33.82 लाख करोड़ रुपये थी। यह अप्रैल से जून, 2019 में बढ़कर 35.49 लाख करोड़ रुपये हो गई। जैसे ही कोविड लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया, अप्रैल से जून, 2020 के दौरान जीडीपी तेजी से गिरकर 27.04 लाख करोड़ रुपये रह गई। अप्रैल से जून, 2021 में जीडीपी 32.46 लाख करोड़ रुपये थी। यह कोविड लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत था। हालांकि, इस अवधि के दौरान महामारी की दूसरी लहर अपने चरम पर थी और इसका आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

इस वर्ष अप्रैल से जून तक जीडीपी 36.85 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। हम जिस 13.5 फीसदी की बात कर रहे हैं, यह वही है। यदि हम वर्ष 2018 से इसकी तुलना करें, तो हमने चार वर्षों में कुल 8.9 फीसदी वृद्धि देखी है। यदि 2019 से तुलना करें, तो हमने तीन वर्षों में कुल 3.8 फीसदी की वृद्धि देखी है। तीन वर्षों के बाद यह पहली बार है, जब अर्थव्यवस्था कोविड लॉकडाउन के झटके से उबरी है। कुल मिलाकर, 2019–2022 की तुलना में 3.8 फीसदी वृद्धि के साथ, हमने कोविड के कारण अर्थव्यवस्था में तीन साल की वृद्धि खो दी है।

अगर हम इन वर्षों के उतार–चढ़ाव को नजर अंदाज करें और 2019 से 2022 की तुलना करें, तो यह पिछले तीन वर्षों में 1.2 फीसदी सालाना से कम की वृद्धि में तब्दील हो जाता है। यह 1.2 फीसदी की वृद्धि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था में गरीबी घटाने और कल्याणकारी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कोविड महामारी का प्रभाव स्पष्ट रूप से बहुत ज्यादा रहा है। केंद्र सरकार ने व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) बढ़ाने के लिए कई प्रशंसनीय पहल की हैं। इससे विनिर्माण एवं निर्यात क्षेत्र में तेजी आई है।

आत्मनिर्भर भारत, मुद्रा ऋण, मेक इन इंडिया फॉर वर्ल्ड जैसी क्षेत्रवार लक्षित उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और रक्षा एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापन जैसी पहलों ने भविष्य के लिए एक मजबूत विकास मंच तैयार किया है। कृषि के मोर्चे पर भी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मुफ्त खाद्यान्न सुरक्षा तथा उच्च उर्वरक व खाद्य सब्सिडी के साथ–साथ उच्च एमएसपी और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिये क्षेत्रीय विकास में मदद मिली है।

राजस्व के मोर्चे पर, जीएसटी और प्रत्यक्ष कर–दोनों ने बेहतर अनुपालन, कम रिसाव और अंतर्निहित अर्थव्यवस्था में सुधार के आधार पर अच्छी वृद्धि दिखाई है। प्रत्यक्ष कर ने, जिसमें व्यक्तिगत कर के साथ कॉरपोरेट कर भी शामिल हैं, मौजूदा वित्त वर्ष में तेज वृद्धि दिखाई है। सरकार द्वारा इस वर्ष अपने कर संग्रह लक्ष्य को पार करने की उम्मीद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखें, तो चीन की सुस्ती, यूरोप में आसन्न मंदी की आशंका और अमेरिकी अर्थव्यवस्था की सुस्ती भी भविष्य में भारत की जीडीपी को प्रभावित करने वाली है।

पिछले पांच महीनों में दुनिया भर के 65 से अधिक केंद्रीय बैंकों द्वारा 90 से अधिक बार ब्याज दरों में 0.5 फीसदी से अधिक की वृद्धि की गई है। मौद्रिक तंगी, बढ़ती मुद्रास्फीति, मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण अन्य मुद्राओं में गिरावट और भू–राजनीतिक जोखिमों ने वैश्विक विकास को प्रभावित किया है। भारत में, घरेलू मांग दूसरी तिमाही में एक प्रमुख चालक थी। कोविड से निजी खपत में आई गिरावट में सुधार हुआ है। सरकारी पूंजीगत व्यय ने निश्चित निवेश वृद्धि में मदद की है।

कॉरपोरेट बैलेंस शीट में सुधार हुआ है और बैंकों ने अपने एनपीए को साफ किया है। बेहतर निर्माण गतिविधि, मजबूत आवास मांग, व्यापार, होटल, परिवहन और संचार क्षेत्र जैसी संपर्क वाली सेवाओं में सुधार के साथ सेवा क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया। भारत वर्ष 2022 की पहली तिमाही में ब्रिटेन को पछाड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह गणना अमेरिकी डॉलरों पर आधारित है, और आईएमएफ के जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने पहली तिमाही में अपनी बढ़त बढ़ा ली है।

पिछले आठ वर्षों से सरकार की विकास समर्थक नीतियां एक ऐसा मंच तैयार कर रही हैं, जिसे हाल ही में मैकिन्से के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'भारतीय सदी' बताया है। लेकिन अगले 12 महीनों में वैश्विक मंदी के साथ, भारत को भी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और अवसरों के उच्च स्तर के सामाजिक संकेतकों का आनंद लेने वाले समृद्ध नागरिकों के साथ एक आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अब तक की गई सभी प्रगति नाकाफी है।

अगले दो वर्ष उतने ही चुनौतीपूर्ण होंगे, जितने पिछले दो साल कोविड के कारण आई गिरावट से उबरने में रहे हैं। हम वैश्विक कारकों और समग्र रूप से सख्त वित्तीय स्थितियों के कारण अगले वर्ष में जीडीपी में साल–दर–साल गिरावट देख सकते हैं। लेकिन यह आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के खोए हुए आर्थिक प्रभुत्व को पुनः प्राप्त करने की यात्रा है। यह रुकेगी नहीं, बल्कि और रफ्तार पकड़ेगी। यह भारतीय सदी होगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पंजाब नेशनल बैंक ने श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में खोली 101वीं शाखा

देश की उपासना मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : पंजाब नैशनल बैंक द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ मण्डल की 101वीं शाखा का भव्य उदघाटन श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय परिसर में सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। इस खास अवसर पर माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश विकास में बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान है जिसमें पंजाब नैशनल बैंक अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी ईमानदारी से कर रहा है। आज शिक्षा के मंदिर में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश की 1659वीं कि का उदघाटन करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है और इसके लिए पंजाब नैशनल बैंक को हार्दिक बधाई। पीएनबी के अंचल प्रमुख श्री संजय गुप्ता जी ने सर्वप्रथम अपने संबोधन में माननीय मंत्री का आभार प्रकट किया कि वे अपनी व्यवस्तम दिनचर्या से समय निकालकर आज हमारे बीच उपस्थित हुए और इसके लिए महोदय को आभार द्य अंचल प्रमुख ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पंजाब नैशनल बैंक की 128 वर्षों की सेवा पर ध्यान आकर्षित किया साथ ही यह बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक होने के नाते हमारा कुल व्यवसाय 19.06 लाख करोड़ है और पूरे देश में हमारी 13050 एटीएम, 10 हजार से अधिक शाखाएं और 18 करोड़ ग्राहक है। इसके साथ ही बैंक का उत्तर प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित रोजगार परक योजनाओं के अंतर्गत पंजाब नैशनल बैंक ने विगत वर्षों में सर्वाधिक ऋण वितरित किए है। उत्तर प्रदेश में पीएनबी की 1658 शाखाएं है तथा 8 जनपदों में पंजाब नैशनल बैंक अग्रणी बैंक की भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे, गंगा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लिए भी बैंक ने ऋण उपलब्ध




करा करा कराए है। श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के निदेशक पंकज अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने उदबोधन में कहा कि हमारी संस्था विगत कई वर्षों से पंजाब नैशनल बैंक के साथ लेन देन कर रही है। बैंक की कार्यप्रणाली अत्यधिक सराहनीय है। हम आशा करते है कि विश्वविद्यालय परिसर में जो शाखा खोली जा रही है, उसके व्यापार में गुणात्मक वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंत में मण्डल प्रमुख श्री पवन सिंह ने माननीय मंत्री जी श्री सुरेश कुमार खन्ना, अंचल प्रबन्धक महोदय श्री संजय गुप्ता विश्वविद्यालय के निदेशक श्री पंकज अग्रवाल, उप निदेशक श्रीमती पूजा अग्रवाल का विशेष आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम में आए पत्रकार गण, समस्त ग्राहक एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्री अनुपम शर्मा, उप अंचल प्रबन्धक, लखनऊ, श्री वित्तेश कुमार, उप महा प्रबन्धक, श्री डी.के झा, सहायक महा प्रबन्धक, श्री अजीत पाण्डेय, सहायक महा प्रबन्धक, श्री सुनील श्रीवास्तव, उप मंडल प्रमुख, श्री मनीष चौधरी, उप मंडल प्रमुख और श्री अवनीश अवस्थी, शाखा प्रमुख उपस्थित थे।

## अपनी सूझबूझ से ठगी का शिकार होने से बचा युवक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय अगर आप अपने आस पास स्थित एटीएम व बैंक से पैसे निकाल रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं।क्यों कि एटीएम से पैसे निकालते समय आप पर उन बदमाशों की पैनी नजर है जो एटीएम से दूर जाते ही आपसे पैसे छीन सकते हैं।इसी तरह का एक उदाहरण मंगलवार को दोपहर कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में रानोपाली पुलिस चौकी क्षेत्र के लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय हाइवे पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया देवकाली शाखा के समीप स्थित एटीएम से महज कुछ दूरी पर दिखी।धनीराम पुरवा निवासी भुक्तभोगी के मुताबिक वह आज इस एटीएम से रुपए निकालकर अपने घर जा रहा था।जब वह इस एटीएम से कुछ दूरी पर देवकाली की ओर जा रहा था तभी दो बाइक पर सवार चार युवकों ने उससे यह कहकर रुपए मांगने लगे कि आपने उस एटीएम से गलत पैसा निकाला है। लेकिन भुक्तभोगी ने किसी तरह जान बचाकर उस एटीएम पर आकर स्थानीय लोगों से अपने साथ हुई घटना को बताया।जिस पर चीता पुलिस ने आकर इस संबंध में जांच करने की बात कही। वही इसी कड़ी में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील किया है कि जो लोग एटीएम व बैंक जाकर पैसे निकालते हैं वे अपने आसपास जरुर देखे कि कोई आपके पीछे लगा तो नहीं है।अगर कोई भी इस तरह संदिग्ध हालात में दिखाई दे तो बिना देरी किए पुलिस को सूचना दे। जिससे समय रहते किसी अनहोनी घटना को रोका जा सके।

## हाईस्कूल की परीक्षा देने गई किशोरी को भगाने व दुष्कर्म के दोषी सुधीर सिंह को 10 साल की सजा 60 हजार रुपये का अर्थदण्ड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हाईस्कूल की परीक्षा देने गई 16 वर्षीय किशोरी को बहलाकर भगाने व हरियाणा ले जाकर जबरन दुष्कर्म के मामले में आरोपी सुधीर सिंह को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा की अदालत ने दोषी ठहराया है। जबकि कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी माता–पिता को बरी कर दिया है।अदालत ने दोषी सुधीर को 10 वर्ष के कारावास व 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मालूम हो कि कोतवाली नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली अभियोगिनी ने 21 मार्च 2014 की घटना बताते हुए स्थानीय थाने में अज्ञात के खिलाफ अपनी 16 वर्षीय भतीजी को गायब कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। मामले में तफ्तीश के दौरान घटना के करीब 10 दिन बाद पीडिता की बरामदगी हुई,जिसने 164 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत हुए बयान में घटना के दिन हाईस्कूल की परीक्षा देने के बाद मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मलिकपुर बखरा निवासी आरोपी सुधीर सिंह व उनके पिता समर बहादुर सिंह व माता गीता देवी के जरिये अपनी कार से घर छोड़ देने के बहाने बैठा लेने की बात बताई। जिसके बाद रेलवे स्टेशन जाकर सुधीर व उसके मां–बाप पीड़िता को ट्रेन से लखनऊ ले गये। जिसके बाद सुधीर के मां–बाप चले गये और सुधीर के साथ अकेले हरियाणा जाने के लिए छोड़ देने का आरोप लगाया। आरोपी सुधीर के जरिये हरियाणा ले जाकर पीड़िता के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म का भी आरोप लगा। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ। मामले का विचारण स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत में चला। इस दौरान विशेष लोक अभियोजक रमेश चंद्र सिंह ने अभियोजन गवाहों को परीक्षित कराया, वहीं बचाव पक्ष ने अपने साक्ष्यों एवं तर्कों को प्रस्तुत कर आरोपी को बेकसूर बताया। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी सुधीर सिंह को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष के कारावास व 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सुधीर के आरोपी माता–पिता को निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है।

## पीआरडी जवानों व आशा बहुओं की समस्याओं पर करूंगी गंभीरता पूर्वक काम –सांसद मेनका संजय गांधी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी को शास्त्रीनगर आवास पर जनता दरबार में पीआरडी जवानों व जयसिंहपुर विधानसभा के धूधू में आयोजित जनचौपाल में आशा बहुओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौपा। सांसद से शास्त्रीनगर जनता दरबार में ज्ञापन देने आए पीआरडी जवान रणजीत सिंह व राम नायक गौतम आदि ने श्रीमती गांधी को जानकारी दी कि वह 20 – 25 वर्षों से पीआरडी में नौकरी कर रहे हैं, पीआरडी जवानों ने बताया कि अब उनको यह कह कर निकाला जा रहा है कि जब उनकी नियुक्त हुई थी तब वह 18 वर्ष से कम उम्र के थे।पीआरडी जवानों ने बताया जब उनकी नियुक्ति हुई थी तब उम्र की कोई भी सीमा तय नहीं थी।श्रीमती गांधी ने लखनऊ में महानिदेशक अतिरिक्त प्रभार पीआरडी डिंपल वर्मा से पीआरडी जवानों के संबंध में वार्ता की और कहा जब इन जवानों की 20 – 25 वर्षों पहले नियुक्त हुई थी तो उस समय के नियमों के अनुसार ही हुई रही होगी, उसमें इनकी क्या गलती है।श्रीमती गांधी ने डिंपल वर्मा से कहा वर्षों से काम कर रहे



पीआरडी जवानों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे और उनको नौकरी से न निकाला जाए। इसी क्रम में जयसिंहपुर के धूधू में आयोजित जन चौपाल में आशा बहुओं ने भी अपनी समस्याओं को लेकर सांसद को ज्ञापन सौपा। श्रीमती गांधी ने उनको आश्वस्त किया कि वे दिल्ली जाकर उनसे संबंधित विभाग के मंत्री को पत्र लिखेंगी और उनकी समस्याओं का निस्तारण के लिए गंभीरतापूर्वक काम करेंगी। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया पीआरडी जवानों व आशा बहुओं ने उनकी समस्याओं के निस्तारित करने के आश्वासन पर सांसद श्रीमती गांधी का आभार प्रकट किया।

## शिक्षक दिवस पर खालसा इंटर कॉलेज में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज गुरुद्वारा रोड नाका हिंडोला लखनऊ में शिक्षाविद्, महान दार्शनिक, भारत रत्न एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन की स्मृति में शिक्षक दिवस मनाया गया। कॉलेज में शिक्षक दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, कालेज प्रबंधक स. राजेंद्र सिंह बग्गा, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता स. सतपाल सिंह मीत एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य सरदार वीरेंद्र सिंह ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज कर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ परीक्षा फल देने वाले अंग्रेजी के प्रवक्ता जी.पी. तिवारी, रसायन विज्ञान प्रवक्ता – हरीश कुमार एवं अलका रॉय सहित अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया। 'सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि परविंदर सिंह ने गुरु शिष्य की परम्परा को निभाते हुए 1993 में उनके शिक्षक रहे कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक रामलाल जी के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में स.परविंदर सिंह ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक अपने शिष्य का चरित्र निर्माण निर्माता है। उन्होंने चरित्र निर्माण की सार्थकता को क्रमबद्ध करते हुए कहा कि चरित्र निर्माण से व्यक्ति निर्माण, व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण एवं समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, इसके लिए शिक्षा का व्यवसायीकरण जिम्मेदार है।उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्यों को निभाते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आगे आना होगा अन्यथा उचित मार्गदर्शन के अभाव में समाज छिन्न – भिन्न होता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के



प्रबन्धक एवम् लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने शिक्षक को कुम्हार की संज्ञा देते हुए कहा कि जिस तरह से कुम्हार गीली मिट्टी से तरह तरह के सुंदर बर्तन बर्तन बनाता है उसी तरह से शिक्षक भी गीली मिट्टी के समान छात्र को तराशकर उसका चरित्र निर्माण कर उसके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा कॉलेज की प्रगति हेतु किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज कॉलेज के स्पोर्ट्स शिक्षक स जसपाल सिंह के निर्देशन में कॉलेज के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर कॉलेज के नाम को गौरवान्वित कर रहे हैं। एनसीसी एवम् स्काउट्स के केडेट्स स्वच्छता व सड़क सुरक्षा अभियान जैसे अनेक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर कॉलेज को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित शिक्षकों की सराहना की। शिक्षक स.जसविंदर सिंह के संचालन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. बी के त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त कर शिक्षाविद् एवम् पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह एवं उप प्रधानाचार्य नीरज श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि परविंदर सिंह, विशिष्ट अतिथि स.सतपाल सिंह मीत व कॉलेज प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा का आभार व्यक्त किया।

## शानदार कार्यक्रम के बीच जे के लक्ष्मी सीमेंट समूह ने मध्य व पूर्वी उत्तर प्रदेश में लांच किया अपना प्रीमियम सीमेंट

लखनऊ ब्यूरो : सीमेंट उद्योग जगत में अपनी अहम भूमिका निभाने का काम कर रहा जे के लक्ष्मी सीमेंट समूह ने अपना महत्वपूर्ण कदम उत्तर प्रदेश में रख लिया है।इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीमेंट उद्योग जगत में प्रसिद्ध जे के लक्ष्मी सीमेंट समूह ने एक शानदार कार्यक्रम आयोजित कर अपने सीमेंट के अनेक ब्रांडों का अनावरण किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जे के लक्ष्मी और उसके प्रीमियम ब्रांड,जे के लक्ष्मी प्रो.सीमेंट को आधिकारिक तौर पर इसके शीर्ष अधिकारियों, डीलरो, कर्मचारियों व अन्य व्यवसायिक सहयोगी की खास भागीदारी दिखाई दे रही थी।हमारे सूत्र के मुताबिक लखनऊ में मे आयोजित इस कार्यक्रम में छः सौ से अधिक डीलरो व सेल्स प्रमोटरों ने अपनी अहम भागीदारी दर्ज कराई।इस मौके पर वहां पर मौजूद डीलरो को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम कंपनी द्वारा किया गया।इस मौके पर कंपनी के प्रेसिडेंट व डायरेक्टर अरुण शुक्ला ने कहा कि जे के लक्ष्मी सीमेंट अपने अपराजिता व उच्च गुणवत्ता के लिये जाना जाता है।इससे मजबूती पैदा होती है। जिसके चलते जे के लक्ष्मी सीमेंट की उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट में गिनती होती है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे पहले भी यह सीमेंट अपने उच्च गुणवत्ता के चलते सीमेंट उद्योग जगत में अपनी अहम छाप छोड़ चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि इसी तरह हम उत्तर प्रदेश में भी इस सीमेंट के अच्छे व उच्च गुणवत्ता के चलते अपनी अहम भूमिका निभाने का काम करेंगे। इसी कड़ी में



उन्होंने आगे कहा कि हमारी कंपनी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलो में लगभग 500 से अधिक डीलरो के माध्यम से अपने सीमेंट ब्रांडों की बिक्री शुरू कर दी है।इस मौके पर अंबेडकरनगर में पहला पुरस्कार नवदीप ट्रेडर्स, द्वितीय पुरस्कार जयसवाल बिल्डिंग मैटेरियल,और अयोध्या से राजा ट्रेडर्स प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर अयोध्या जिले से आरके ट्रेडर्स, श्री बालाजी ट्रेडर्स, शीतला इंटरप्राइजेज, दिवेदी ट्रेडर्स, अंबेडकर नगर से जय बिल्डिंग मैटेरियल, जायसवाल सीमेंट एजेंसी, अहरिया बिल्डिंग मैटेरियल,जयसवाल ट्रेडिंग कंपनी, शालिनी आयरन,शारदा बिल्डिंग मैटेरियल,डी यस चंद्रा आदि डीलर मौजूद रहे। जिसमे कम्पनी के एम डी श्री वत्स सिंघानिया, प्रेसिडेंट अरुण कुमार शुक्ला,अमित माथुर,सुनील सांगवान, अजीत सिंह, अयोध्या ब्रांच हेड अखिलेश सिंह,सेल्स प्रमोटर अजीत गुप्ता मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश पुलिस की पांच दिवसीय 70 वीं वार्षिक फुटबाल महिला व पुरुष प्रतियोगिता–2022 का पीएसी कमांडेंट डाक्टर मिश्र ने किया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में उत्तर प्रदेश पुलिस की 70वीं वार्षिक फुटबाल (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता–2022 का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा सह आयोजन सचिव डाक्टर राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस, सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी द्वारा पीएसी के फुटबाल ग्राउण्ड में किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न 'जोनल टीम मैनेजर्स' से मुख्य अतिथि द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। 'नीट आफ मार्शल' श्री रणजीत तिवारी द्वारा समस्त टीमों को ग्राउण्ड से 'मार्च पास्ट' की कार्यवाही बैण्ड की मधुर धुन पर सभी टीमों द्वारा उत्कृष्ट 'टर्नआउट' के साथ संपन्न कराई गई। टीमों के 'मार्च पास्ट' द्वारा दिये गये अभिवादन को मुख्य अतिथि द्वारा सलामी मंच से स्वीकार किया गया। प्रतिभागियों के इस अच्छे प्रदर्शन का दर्शकों द्वारा ताली बजाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा सलामी मंच से इस प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गयी। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस



के विभिन्न 13 जोन– लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, बरेली, आगरा, जीआरपी, रेडियो जोन(टेलीकॉम), पीएसी मध्य जोन, पीएसी पूर्वी व पीएसी पश्चिमी जोन के लगभग 483 खिलाड़ी (महिला/पुरुष) प्रतिभाग कर रहे हैं।मुख्य अतिथि/सहआयोजन सचिव द्वारा भव्य खेल ग्राउण्ड की साज सज्जा की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।इस कार्यक्रम के दौरान विनोद कुमार उप सेनानायक, नरेश सिंह यादव, सहायक सेनानायक शिवनारायण, सहायक सेनानायक, देवपाल, शिविरपाल, रणजीत तिवारी सुबेदार मेजर व वाहिनी के अन्य अधिकारी / कर्मचारी एवम् बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहे।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माननीय सांसद जौनपुर श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में एजेंडा बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई साथ ही सभी विभाग को समस्याओं के निष्पादन के लिए आदेश दिए गए। बिजली आपूर्ति की सुनिश्चितता, शिक्षा, सड़क एवं स्वास्थ्य की समस्याओं को चर्चा हुई साथ ही जनपद की सड़कों की समस्या, न0प0 शहरी एवं नगर पंचायतों में साफ–सफाई एवं लाइटिग की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। माननीय सांसद जी के द्वारा मुसहर जाति के लाभार्थियों को स्वीकृत आवासों की समीक्षा की जिस पर परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022–23 में कुल 367 आवास स्वीकृत हुए है। पूर्व में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा। मा0 सांसद जी ने कहा कि मनरेगा एवं अमृत सरोवर की गाइडलाइंस उपलब्ध कराई जाए। एक्सईएन सिंचाई ने बताया कि कुड़ेला ड्रेन की कुल लंबाई 04 किलोमीटर की साफ–सफाई करा दिया गया है। कमासिन ड्रेन की सफाई पूरी न होने पर मा0 संसद जी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन सिंचाई का स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कंपनी को निर्देशित किया जाए कि किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा का लाभ दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा द्वारा बताया गया कि फसल बीमा कंपनियों के द्वारा समय–समय पर बैठक कर प्रगति की समीक्षा की जा रही है, किसानों को समस्या नहीं होने दिया जाएगा। जनपद की सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जितनी भी सड़कें गड्ढा युक्त हैं उनको गड्ढा मुक्त करने की कार्यवाही जल्द से जल्द की जाए। एनएचआई के पी.डी. को मीटिंग में




उपस्थित न होने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश मा0 सांसद जी के द्वारा दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को लोन वितरित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद जी के द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला अस्पताल में एम आर आई मशीन लगाए जाने का प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद में 106 गौशाला में संचालित की गई है जिसके लिए जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किए गए हैं जिनके द्वारा 15 दिन के भीतर निरीक्षण किया जाता है। माननीय सांसद जी मुख्य विकास अधिकारी को लहगपुर गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के द्वारा बताया गया कि डीपीटी का 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जिस पर माननीय सांसद जी के द्वारा निर्देशित किया गया कि वितरण कार्य में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाए। रेलवे अंडरपास में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए। मा0 सांसद जी ने निर्देशित किया कि ऑनलाइन भू–मैप में गांव की संख्या बढ़ाई जाए। घरौंदी कार्य में तेजी लाई जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि स्ट्रीट लाइट जिसकी जांच चल रही है, जल्द से जल्द पूर्ण कराकर लगवाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने माननीय सांसद जी को आश्वस्त कराया कि उनके दिए गए निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, मा0 विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, मुंगराबादशाहपुर पंकज पटेल, केराकत तूफानी सरोज, एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंशु) जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'सेवारत' द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'सेवारत' द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान हुआ। आयोग से चयनित नवनियुक्त शिक्षकां का स्वागत समारोह तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज जौनपुर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डा0 रणजीत सिंह ने किया। समारोह का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर एवं डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं स्व0 पंचानन राय की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर प्रारम्भ हुआ। जिलाधिकारी द्वारा 10 सेवानिवृत्त तथा 10 नवचनित शिक्षकों को सम्मानित किया शेष अवकाश प्राप्त शिक्षकों एवं नवचयनित शिक्षकों का सम्मान एवं स्वागत प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया तथा आयोग चयनित नवनियुक्त शिक्षकों को गुलाब का पुष्प तथा कलम देकर उनकां जीवन की पाली शिक्षक के रुप में




प्रारम्भ करने की शुभकामना देते हुए उनका स्वागत किया। कुल 101 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा 425 नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया गया। यह वही नवनियुक्त आयोग चयनित शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति से लेकर वेतन भुगतान तक प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह एवं जनपदीय कार्यकारिणी ने सुगमता से कराया था। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। इस भूमिका का अनुश्रवण करते हुए छात्रों को बेहतर नागरिक बनाने में अपना सम्पूर्ण योगदान सुनिश्चित करें। समारोह को प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 राकेश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, मण्डलीय संयोजक सरोज कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने भी सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलामंत्री ठाकुर प्रसाद तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह सहित जिला कार्यकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण 05 सितम्बर 2022 तक कराया जाना अनिवार्य

जौनपुर सू.वि. : निदेशालय, महिला कल्याण विभाग लखनऊ के निर्देश के क्रम में हर हाल में पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण 05 सितम्बर 2022 तक कराया जाना अनिवार्य है। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण नही होगा उनकी पेंशन की प्रथम किश्त नही आ पायेगी तथा उनके पेंशन पर रोक लगा दी जायेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी बिजय कुमार पाण्डेय ने जनपद के समस्त निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों से अपील किया है कि अपना आधार प्रमाणीकरण किसी जन सहज केन्द्र पर जाकर अथवा जिला प्रोबेशन कार्यालय, कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड कलेक्ट्री कचहरी जौनपुर में तत्काल करायें अन्यथा की दशा में उनकी पेंशन शासन से जारी नहीं की जा सकेगी। वर्तमान में जनपद में निराश्रित महिला पेंशन योजना के 34630 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण होना शेष है। उन्होंने कहा कि किसी भी लाभार्थी को सहज जन सेवा केन्द्र अथवा जिला प्रोबेषन कार्यालय में पहुॅचने में अगर कोई परेशानी हो रही हो तो वे लोग जिला प्रोबेशन अधिकारी, जौनपुर के व्हाट्सअप मोबाइल नम्बर 7518024045, संरक्षण अधिकारी चन्दन राय 8115066215, तकनीकी सहायक अतुल यादव 9554702278, कम्प्यूटर आपरेटर राकेश कुमार अस्थाना 8874036134, केदार नाथ प्रजापति 8601252207, सुनील कुमार यादव 9415162633 पर अपना आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, एवं पासबुक प्रेषित कर सकते है।

# जालसाजी के 4 आरोपियों पर 15–15 हजार का इनाम : दो आरोपी एक साल से हैं फरार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने जालसाजी के चार आरोपियों पर मंगलवार को 15–15 हजार का इनाम घोषित किया है। चारो के खिलाफ अलग अलग थाने में केस दर्ज हैं। दो आरोपी एक साल यानी 2021 से ही फरार चल रहे हैं।जानकारी के अनुसार चौरीचौरा में सुरेश कुमार पुत्र नाथूराम निवासी महुअवा के खिलाफ वर्ष 2021 में धारा 419,420,467,468,471 दर्ज हुआ था। तभी से वह फरार था। इसी प्रकार वर्ष 2022 में धारा417, 420, 406, 504,506 के आरोप में विनोद सम्राट पुत्र रामकुंवर निवासी रघुनाथपुर पर केस हुआ था। वही 2022 में ही धारा 417, 420,406, 504,506 के आरोप में रत्नेश राय पुत्र सुगन राय निवासी ग्राम नगवाँ प्रेम के खिलाफ और वर्ष 2021 में धारा 419,420, 467, 468,471 में रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र वंशीलाल गुप्ता निवासी म0सं0 220 बी सिधारीपुर थाना तिवारीपुर पर केस दर्ज हुआ था। सभी तभी से फरार हैं। मंगलवार को एसएसपी ने सभी पर इनाम घोषित किया है।

# सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रुप में बड़ी धूमधाम से मनाया

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : पाली नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में देश के पूर्व राष्ट्रपति, प्रथम उपराष्ट्रपति और जाने




माने शिक्षाविद रहे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में सोमवार को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। कालेज में छात्र छात्राओं ने कमरों को गुब्बारों आदि से खूब सजाकर एवं केक काटकर शिक्षक दिवस को एक यादगार के रूप में मनाया साथ ही अपने शिक्षक/शिक्षिकाओं को पुष्प माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित कर उनके प्रति आभार जताया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। राधाकृष्णन के जीवन के बारे में शिक्षक राजेश प्रकाश मिश्रा ने बताया कि कैसे वह एक शिक्षक के रूप में अपना जीवन शुरू कर देश के राष्ट्रपति पद तक पहुँचे।और उनका सादगी भरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणा दायी है। भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा ने गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः के दोहे के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया। शिक्षक अनिल कुमार यादव ने गुरु गोविंद दोऊ खड़े दोहे के माध्यम से गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला।उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासन ही सफलता की पहली सीढ़ी है।कालेज की उपप्रधानाचार्या विजेता आर्या ने सभी को संबोधित करते हुए गुरु के महत्व के बारे में बताया कि शिक्षक किस तरह अपने शिष्य को शिक्षा के माध्यम से एक अच्छा नागरिक बनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है जिससे कि उसका शिष्य आने वाले समय में एक सम्मानित जीवन जी सके और अपने देश और परिवार का नाम रोशन करे। इसके अलावा शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ व बच्चे मौजूद रहे।

# डायट परिसर में मनाया गया शिक्षक दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में प्राचार्य सर तथा समस्त वरिष्ठ प्रवक्ता द्वारा मां सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया । इस




अवसर पर प्रशिक्षुओ द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर डायट जौनपुर द्वारा सम्मानित किया गया, इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओ द्वारा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सामाजिक अध्ययन तथा गणित विषय में अच्छा प्रदर्शन करने पर विषय से संबंधित प्रवक्ता विनय कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, दुर्गेश चंद्र यादव को डायट द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षुओ द्वारा परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले श्रद्धा दुबे,विवेक गुप्ता तथा मनीष कुमार यादव को सम्मानित किया गया। ह्यूमाना संस्था द्वारा डायट प्राचार्य डा. सच्चिदानंद यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता डा. राकेश सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार यादव तथा प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता आर एन यादव को सम्मानित किया। डाइट प्राचार्य जी ने कविता के माध्यम से प्रेरणादायी संदेश देते हुए प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ राकेश सिंह ने भविष्य में आने वाले जीवन को सरल कैसे बनाएं उसकी तकनीकी के महत्व के बारे में बताइए वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह जी ने प्राचीन भारतीय संस्कृति से गुरु शिष्य के बीच आत्मीय संबंध की परंपरा वर्तमान समय में विद्यमान रहे इस पर प्रकाश डाला । प्रभारी वरिष्ठ आर एन यादव यादव ने प्रशिक्षुओ को अनुशासन में रहने एवं जीवन में शिक्षकों का सम्मान करते हुए उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने पर बल दिया इस अवसर पर समस्त प्रवक्ताओं द्वारा प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव वरिष्ठ डॉ राकेश सिंह, वरिष्ठ श्री मनीष कुमार सिंह, प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता आर एन यादव समस्त प्रवक्ता गण, ह्यूमाना के सभी सदस्य तथा सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे अंत में श्रीमती किरण त्रिपाठी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम एकलव्य स्टेडियम का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी के जनपद के प्रस्तावित दौरे पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य की जाने वाली तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्धिकपुर, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल



यूनिवर्सिटी के एकलव्य स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड, ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लेने के निर्देश अधिकारियों के द्वारा दिये गए। अधिकारियों के द्वारा मेडिकल कॉलेज एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पंचहटिया का भी निरीक्षण कर सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांगता का सहारा लेकर मकान पर कब्जा : डिप्टी सीएम से कब्जा मुक्त कराने की लगाई गुहार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजनी पत्नी अर्जुन हाल पता मकान नंबर 401 डूडा कॉलोनी नरपत खेड़ा पारा थाना पारा जनपद लखनऊ ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि अपनी बुआ के मकान में रहती हूं, अपने रिश्तेदारों की मदद से यहीं पर भवन संख्या 73 डूडा कॉलोनी नरपत खेड़ा पारा थाना पारा लखनऊ में नियमानुसार लिया है। मकान क्रय करने के बाद अपनी सुविधा अनुसार रहने के लिए लगभग 2 माह में निर्माण कराया, जब यह भवन संख्या 73 रहने योग्य तैयार हो गया तो, उसमें रहने की तैयारी कर रही थी कि तभी परिचित आमना पत्नी यासीन द्वारा अनुरोध किया गया कि एक पवन पांडे हमारे पड़ोसी मकान नंबर 65 में किराएदार हैं, इनसे मकान मालिक अपना मकान खाली करा रहा है, इनको दो–तीन महीने के लिए किराए पर दे दो जब तक आप ना रहना चाहो, संबंधित मकान को किराए पर देना नहीं चाहती थी, पर आमना की बात मानकर अपना मकान कुछ समय के लिए पवन पांडे को रुपए 3500 प्रतिमाह किराए पर दिनांक 13 /03/2022 को दे दिया। इसके बाद आमना के माध्यम से एक माह का अग्रिम किराया प्राप्त हो गया, और इसके बाद किराया दिनांक 21/06/2022 को प्राप्त हुआ। 2 माह का किराया प्राप्त करने के बाद मकान खाली कराने को कह दिया, और आगे किराया लेने से मना कर दिया इसके बाद आमना ने बताया कि पवन पांडे द्वारा सितंबर माह तक का समय और मांगा जा रहा है,



जिसके लिए इंकार कर दिया, अब पवन पांडे भाजपा के बड़े नेताओं को अपना रिश्तेदार बता कर, यहां तक कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भी अपना रिश्तेदार बताकर धमका रहे हैं और ज्ञात हुआ है कि भवन पर अपनी आई.डी. पहचान भी बनवाने का प्रयास कर रहे हैं,और यह भी ज्ञात हुआ है कि आसपास के क्षेत्र में इनके द्वारा भारी ठगी के काम किए गए हैं, और जब अपना मकान खाली करने को कहती है तो अब धमकी देते हैं। एक गरीब महिला हूं, जो प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हूं। उपरोक्त के चलते भय है कि पवन पांडे मकान हड़पने का काम कर सकते हैं, इसलिए अब पवन पांडे से अपना संबंधित मकान खाली कराना चाहती हूं परंतु पवन पांडे दिव्यांगता का सहारा लेकर समस्त अधिकारियों को भ्रमित करके भवन पर कब्जा करना चाहते हैं।

# बीआरपी कालेज में व्यापक स्तर पर चला अनमय बचाओ अभियान!

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अनमय बचाओ अभियान के अंतर्गत आज जनपद के बीआरपी इण्टर कालेज में व्यापक रूप से अभियान चलाया गया। अभियान सुबह 8 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 1 बजे तक चला। अभियान की अगुवाई करते हुए विकास तिवारी ने सर्वप्रथम महाविद्यालय व इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य श्री सुभाष सिंह जी के सहयोग से कालेज की प्रत्येक कक्षाओं में जाकर बच्चो से मदद की अपील की। गौरतलब हो सुल्तानपुर जनपद का निवासी 7 माह का अनमय स्पाइनल मस्कुलर अट्रोपी टाइप 1 नामक गम्भीर बीमारी से जूझ रहा है जिसके इलाज के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की आवश्यकता है तमाम समाजसेवियों व निजी संस्थाओं ने अनमय मदद की एक मुहिम चला रखी है। इस क्रम में जौनपुर के युवाओ की एक टोली विकास तिवारी के तत्वाधान में हाथों में अनमय बचाओ अभियान लिखा हुआ एक बड़ा बैनर तथा एक डोनेशन बॉक्स लेकर बीआरपी कालेज व डिग्री कालेज में व्यापक स्तर पर मदद का अभियान चलाया। जहा मौजूद छात्रो में अनमय को बचाने के लिये पैसे देने का जबरदस्त जुनून देखने को मिला तथा बच्चे यह कहते हुए सुने गए कि मम्मी और पापा से कहकर अनमय की जान बचाने के लिए हम लोगो को ढेर सारा पैसा अनमय के खाते में भेजना है। महाविद्यालय के छात्र छात्राये भी भारी संख्या में अब अनमय बचाओ पोस्टर लगे डोनेशन बॉक्स में बारी बारी से अनमय के इलाज के लिए पैसे दिए। अनमय बचाओ अभियान मुहिम का नेतृत्व कर रहे विकास तिवारी ने कहा कि बीआरपी कालेज के प्रधानाचार्य को मैं धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने स्वयं दूरभाष पर सम्पर्क करके अनमय बचाओ अभियान से जुड़े सदस्यों को अपने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच उपस्थित होकर अपील करने के लिए आमंत्रित किया। जहां महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस अभियान को और अधिक ताकत देने का संकल्प लिया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए



अतुल सिंह ने कहा कि मात्र एक सप्ताह के अथक प्रयासों से हम सभी ने मदद के लिए लगभग 1 करोड़ 60 लाख की धनराशि इकट्ठा कर ली है बाकी की धनराशि को इकट्ठा करने के लिए हमे अपने प्रयासों को चौदह गुना और अधिक बढ़ाकर जन जन को जागरूक करते हुए जनपद के हर घर से मदद की गुहार लगानी होगी जिसमें खासकर छात्र अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हम विद्यालय के प्रधानाचार्य का धन्यवाद ज्ञापित करते है जिन्होंने इस मुहिम में हमारे साथ जुड़ने की पेशकश की और खुद भी अर्थदान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी जीजान से अनमय की मदद में लगे हुए है और हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक दिन जनपद के अन्य और महाविद्यालयों में जाकर इस मुहिम को गति देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयों में विगत दिनों से यह मुहिम चलाई जा रही है जहां अधिक संख्या में छात्र व छात्राओं ने मदद के लिए अर्थदान भी दिया है। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य श्री सुभाष सिंह जी ने भी विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा शिक्षक व कर्मचारियों से भी अनमय के मदद के लिए अपील की। उपरोक्त अवसर पर विकास तिवारी, अतुल सिंह, डॉ अब्बासी, स्नेहिल यादव, अभय राज, निर्भय सिंह, रामबचन यादव, अभिषेक यादव, कुलदीप, सोनू समेत इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# दूषित पानी को लेकर नगर वासियों ने किया प्रदर्शन व सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के नगर पंचायत कजगांव कार्यालय पर जल निगम के द्वारा दूषित पानी की सप्लाई से परेशान होकर नगर वासियों ने कार्यालय पर प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा । इस दौरान नगर वासियों ने बताया कि उक्त नगर पंचायत के अंतर्गत रहने वाले लोगों को जल निगम के द्वारा जो पानी सप्लाई किया जाता है वह पुरी तरह से दूषित होने के कारण लोग डायरिया जैसे तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोगों ने यह भी कहा कि जल निगम की इस पानी सप्लाई में दूषित पानी के साथ–साथ कचरा भी आता है यह पानी पीने योग्य नही रहता है और नहीं तो नहाने योग्य रहता है लोग मजबूर होकर इस दूषित पानी का प्रयोग कर रहे हैं लोगों का आरोप है कि जल निगम द्वारा जो पानी सप्लाई किया जाता है। उसमें कभी भी ब्लीचिंग पाउडर का भी प्रयोग नहीं किया जाता यहां तक कि लोगों ने बताया कि जल निगम के द्वारा पानी की सप्लाई के लिए जो पाइप लगवाई गयी है ।वह पाइप बराबर जगह–जगह टूटकर खराब होता रहता है ।पाइप टूटने के कारण लोगों को पानी के लिए तमाम प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।यहां तक कि लोगों ने कहा कि इस प्रकार की समस्या के बारे में कई बार हम सभी लोग नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों को अवगत करा चुके है ।लेकिन अवगत कराने के बावजूद भी इस प्रकार की समस्या से हम सभी लोगों को जूझना पड़ रहा है देखना यह है कि



कब हम सभी लोगों को इस प्रकार की समस्या से निजात मिल पायेगा या सिर्फ विभाग के लोगों के द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जायेगा ।इस प्रकार की समस्या को लेकर लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना था कि जहां एक तरफ सरकार स्वच्छ पानी पीने की बात करती है वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह से कुम्भ कर्णी निद्रा में लीन नजर आ रहे हैं इस प्रकार के समस्या के बारे में जब अधिशासी अधिकारी (ईओ) अनिल सिंह से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जो भी इस प्रकार की समस्या है उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा ताकि लोगों को समय–समय पर शुद्ध पानी मिल सके।इस दौरान मोहम्मद शमीम अंसारी,सरताज आलम,अफसार अहमद,राजू अंसारी,डब्लू,आमिर उल्ला, मोहम्मद साजिद,मसलाऊ,मुमताज,अल्लूफ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएफओ द्वारा होटलों की जांच में खुली होटल संचालकों की पोल : सीएफओ के मुताबिक होगी कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : राम नगरी के होटल और गेस्ट हाउस, स्कूल, निजी अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की व्यवस्था बहुत कमजोर है। इस समय यदि इन जगहों पर अगर कोई हादसा हो जाए तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। जबकि अग्निशमन विभाग विभाग मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय अपने टीम द्वारा इन सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर अपने संसाधनों के बल पर आग पर नियंत्रण करने के प्रति जागरूक भी करते है।वही इसी कड़ी में इन प्रतिष्ठानों के संचालकों को समय–समय पर अग्निशमन विभाग इन को नोटिस भी जारी करता रहता है।विभाग के नोटिस पर होटल और गेस्ट हाउस संचालकों ने अग्निशमन की व्यवस्था तो की लेकिन मात्र उतनी की होटल और गेस्ट हाउस का लाइसेंस बचा रहे अर्थात काम चलाऊ व्यवस्था के सहारे यहां होटल और गेस्ट हाउस का संचालन किया जा रहा है। यह स्थिति तब है जबकि विकास के लिए पथ पर बढ़ रही राम नगरी में पर्यटकों को 2:00 से 3:00 दिन तक रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं जिनमें नए होटलों की स्थापना पर विशेष जोर दिया जा रहा है लखनऊ के एक होटल हुई में अग्नि हादसे से शासन को भी हिला कर रख दिया है।प्रदेश की राजधानी में हुए इस हादसे को दृष्टिगत रखते हुए राम नगरी के होटलों और गेस्ट हाउस में जाकर वन विभाग की टीम ने पड़ताल की मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में सोमवार को शहर के कई होटलों में जांच की गई। इस दौरान अग्निशमन के उपाय तो लगभग सभी स्थानों पर थे लेकिन टीम संतुष्ट करने वाले नहीं रहे।आग बुझाने के लिए स्प्रंकलर मशीन 12 होटलों में ही मिली गेस्ट हाउस में यह उपकरण नहीं मिला छोटे होटलों में आकस्मिक निसर्ग निकासी द्वार और खिड़की भी नहीं मिली यही नहीं टीम ने होटल और गेस्ट हाउस के स्टाफ को अग्नि हादसे से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई हालांकि गत दिनों जबलपुर के एक अस्पताल में हुए अग्नि हादसे के बाद अभियान चलाकर अग्निशमन विभाग ने बड़े बड़े प्रतिष्ठानों के स्टाफ को ट्रेंड किया था लेकिन यह ट्रेनिंग हुए काफी वक्त भी चुका है मुख्य अग्निशमन अधिकारी बताते हैं कि लखनऊ की घटना के बाद यहां भी होटलों और गेस्ट हाउस में जाकर अग्निशमन के प्रबंध की पड़ताल की गई है कई स्थानों पर प्रबंध संतोषजनक नहीं मिले अधिकांश स्थानों पर अधिकांश स्थानों पर स्प्रिंकलर लगे नहीं मिले इसी लगवाने के निर्देश दिए गए हैं समय–समय पर जांच कर प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा निर्देश और आवश्यकता पड़ने पर नोटिस भी दी जाती है राम नगरी में कितने होटल हैं इनकी सही जानकारी अग्निशमन विभाग के पास भी नहीं है इनकी संख्या के सवाल पर प्रश्न विभाग के अधिकारी का कहना है कि यहां नए–नए होटल खोल रहे हैं ऐसे में इनकी संख्या का सही आकलन मुश्किल है यही नहीं गली कूचे में खुले होटल अग्नि हादसे की दृष्टि से काफी अधिक संवेदनशील हैं यह संकट के समय अग्निशमन के बड़े वाहन का पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगा वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने कहा कि अग्नि हादसे से बचाव के लिए होटल धर्मशालाओं के मालिकों को जागरूक होना होगा उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा कर्मी रखना होगा जो अग्निशमन यंत्रों को संचालित करने का जानकार हो और प्रशिक्षण प्राप्त हो अग्नि हादसे के दौरान उसके उपयोगी होने से सुरक्षित बच सकें।

## कृषि मंत्री ने किया पौधरोपण व विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विश्वविद्यालय के म्यूजियम का भ्रमण किया व शैक्षिक प्रक्षेत्र में पौधारोपण किया। साथ ही उन्होंने बीज विधायन संयंत्र का शिलान्यास व नव विकसित प्राकृतिक खेती प्रक्षेत्र का लोकार्पण कर उद्यान प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता को लेकर कुलपति सहित कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई और कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं होगा मेरे द्वारा इन निर्माण कार्यों की जांच भी कराई जाएगी। यदि किसी प्रकार की कोई कमी मिलती है तो उसकी रिकवरी भी आप ही लोगों से कराई जाएगी। पशुपालन महाविद्यालय के पशुधन प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। शैक्षिक मत्स्य प्रक्षेत्र जाकर मंत्री ने अमृत सरोवर का शिलान्यास किया, साथ ही उन्होंने सरोवर में रोहू, कतला व नैन के मत्स्य बीज भी डाले। कृषि ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम में लिया हिस्सा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम में भी कृषि मंत्री ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ड्रोन जैसी तकनीक से कृषि जगत में और विकास होगा और इसका लाभ भी किसानों को मिलेगा। सरकार की ओर से मृदा जांच सचल वैन को लेकर कृषि विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराए गए आधा दर्जन टीयूवी 300 वाहनों को मृदा जांच सचल वाहन के रूप में न प्रयोग किए जाने के सवाल पर कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी और यदि उक्त योजना के लिए प्रदत वाहनों का प्रयोग दूसरे रूप में किया जा रहा है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएगी।

## बिना शिक्षक के छात्र का जीवन अधूरा–प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : गुरु नानक एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज के गुरु गोविन्द सिंह सभागार में शिक्षक दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सचिव प्रतिपाल सिंह पाली मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता व दीपोत्सव आयोजन के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से 5 शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती का माल्यार्पण व पूजन अर्चन किया,भारत देश के दूसरे राष्ट्रपति व प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को पुष्प अर्पित करके नमन किया व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि ''गुरु वह है जो अंतर्मन को आलोकित कर देता है''छात्र के जीवन में शिक्षकों के योगदान का सटीक चित्रण प्रस्तुत किया। . एक छात्र के जीवन में उसके शिक्षक की भूमिका बहुत अहम रहती है. भारत में शिक्षक को माता–पिता के बराबर का स्थान भी दिया जाता है. जिस तरह से कुम्हार मिट्टी को बरतन में ढ़ालता है, लोहार लोहे तपा कर कुछ उपयोगी चीज बनाता है ठीक उसी तरह शिक्षक अपने छात्रों के भविष्य का निर्माण करते हैं. छात्र के जीवन में शिक्षक के योगदान का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बिना शिक्षक के छात्र का जीवन पूरा अधूरा रहता है और ऐसे जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर गुरु नानक एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव प्रतिपाल सिंह पाली ने सभी को राधाकृष्णन जी के आदर्शो से अवगत कराते हुए कहा कि वे विश्व को एक विद्यालय मानते थे और समूचे विश्व को एक ही इकाई मानकर शिक्षा प्रबंधन के पक्षधर थे। उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा देने,अद्वितीय शैक्षिक उपलब्धियों और महान दार्शनिकता के लिए देश के सर्वोच्च अलंकरण ''भारत रत्न'' से उन्हें सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों को तिलक लगाया,मुंह मीठा करा कर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरु नानक एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज, नानक डिग्री कॉलेज, गुरु नानक पब्लिक स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे। सीईओ अमनदीप सिंह , एकेडमिक डायरेक्टर अमरनाथ तिवारी ,विद्यालय प्रधानाचार्या आदित्य प्रताप ने सभी शिक्षकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया व शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पा सिंह डॉक्टर पूजा सिंह डॉक्टर अर्चना सिंह डॉक्टर रजनी शुक्ला दीपिका सिब्बल पूनम त्रिपाठी मंजू खरे आदि शिक्षक मौजूद रहे। –यह 5 शिक्षक हुए सम्मानित रिटायर्ड डॉक्टर वीडी सिंह अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग,रिटायर्ड प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप खरे, रिटायर्ड अध्यक्ष हिंदी विभाग डॉक्टर एसपी सिंह, रिटायर्ड अध्यक्ष हिंदी विभाग डॉ जनार्दन उपाध्याय, रिटायर्ड प्राचार्य डॉ बीएन अरोड़ा को सम्मानित किया गया। यह सभी शिक्षक साकेत महाविद्यालय के हैं।

## रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने 6 शिक्षकों को किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : जनपद के सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब के सभागार में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम चन्द्र यादव रुदौली विधायक ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम जी वर्मा जिला अध्यक्ष , संचालन पंकज यादव प्रदेश संयोजक द्वारा किया गया। शिक्षक दिवस पर सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए इसी कड़ी में रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने शिक्षिका शिक्षिका श्रीमती अमिता द्विवेदी के साथ 6 शिक्षको को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया सम्मन प्राप्त करने वालों में मुख्य रूप से अतुल कुमार रवी नंदन सिंह आशुतोष यादव मोहम्मद तारिक राकेश कुमार वर्मा रहे। विधायक रामचंद्र ने कहा गुरु का महत्व सबसे ऊंचा पद होता है गुरु की जितनी बखान की जाए उतना ही कम होगा इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन की पंकज यादव प्रदेश संयोजक श्याम जी वर्मा जिला अध्यक्ष श्याम जी वर्मा के साथ दर्जनों की संख्या में शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ढेमुआ घाट की अधूरी परियोजना का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : तहसील सोहावल ग्राम ढेमुआ रामपुर कछार की सुरक्षा हेतु ढेमुवा पुल से ढेमुवा श्मशान घाट के मध्य कटान निरोधक हेतु लगभग करोड़ों की कीमत से बन रही परियोजना का मुख्य सचिव जल एवं संसाधन अनिल गर्ग ने रविवार को निरीक्षण किया। यह परियोजना 630.53 लाख की है। रौनाही पंप कैनाल से ढेमुवा पुल के मध्य 9 डैम्पनर तथा पुल से शमशान तक 4 डैम्पनर तथा 100 मीटर स्टेप बोल्डर पिचिंग का कार्य अप्रैल 2022 से शुरू होकर जुलाई 2022 में 90 दिन में पूरा होना था।लेकिन सिंचाई अधिकारियों के मुताबिक नदी में जलस्तर बढ़ जाने की वजह से कार्य समय पर पूरा ना हो सका। रौनाही पंप कैनाल से पुल तक मात्र एक डैम्पनर तैयार है तो वहीं पुल से शमशान तक 100 मीटर की सापेक्ष 93 मीटर स्टेप बोल्डर पिचिंग का कार्य तथा चार डैम्पनर में से किसी का भी कार्य पूरा नहीं हुआ है। कछार पर बसे गुड्डू दयाराम शांति देवी तथा प्रभा का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा सुरक्षा का कार्य पूरा नहीं किया गया है सरयू का जलस्तर उफान पर है। कछार पर रहने से डर लग रहा है। इन सब ने परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की होती है अहम भूमिका – डाक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में जहां एक ओर शिक्षक दिवस के अवसर पर अनेक स्कूलों व कालेजों सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर शिक्षक किसी न किसी कार्यक्रम में सम्मानित हुए। वही इसी कड़ी में जिले में शिक्षकों का सम्मान समारोह बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मसौधा के द्वारा भी किया गया।जिसमें राज्य सम्मान से सम्मानित व मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी , एस आर जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि केध रुप में आये डॉक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक ही वह पथ प्रदर्शक होते हैं जिनके द्वारा युवा पीढ़ी सही रास्ते पर चलती है शिक्षक के मार्गदर्शन से ही सार्थक जीवन प्राप्त होता है और वह हमेशा उन्नति की ओर अग्रसर रहते हैं।राष्ट्र निर्माण में एक शिक्षक की मुख्य भूमिका होती है।आज इस सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर शिक्षकों के बीच अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार दुबे जी का आभारी हूं कि उन्होंने इस शिक्षक सम्मान समारोह में बुलाकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया और एक सफल कार्यक्रम अपनी




शाखा में कराया।बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार दुबे ने बताया कि आज शाखा में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि आज हम सभी लोग शहर के जाने–माने शिक्षकों के बीच इस कार्यक्रम को कर रहे हैं। वही इस मौके पर सम्मानित होने शिक्षकों में डॉ योगेंद्र नाथ पाण्डेय, अमिताभ सिंह , कृष्ण कुमार त्रिपाठी सदक ए हुसैन , सौरभ कुमार पांडे डॉ विवेक कुमार सिंह , श्रीमती सुषमा व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।जिनको शाखा के द्वारा माला पहना कर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## उदासीनाचार्य आत्मनिष्ठ दृढ़ संकल्प योग साधाना व पारदर्शिता के धनी–डॉ. भरत दास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : उदासीन संप्रदाय के संस्थापक भगवान श्री चंद्र जी का पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार व प्रसार में समर्पित रहा। उनके द्वारा उदासीन आश्रमों का शिलान्यास करके सनातन धर्म को नई गति देने का प्रयास किया गया। अयोध्या में स्थापित संगत उदासीन ऋषि आश्रम जो कि सनातन धर्म की धरोहर हैं। यहां पर सनातन परंपरा को प्रफुल्लित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन गुरुकुल प्रथा को जीवित रखने व समाज की सेवा के कार्य किए जा रहे है। 5 सितंबर यानी आज सोमवार को भगवान श्री चंद्र जी का 528वां जयंती महोत्सव मनाया गया। बाबा संगत बक्स जी की तपोस्थली उदासीन ऋषि आश्रम के युवा महंत डॉ भरत दास जी महाराज ने बताया कि श्री चंद्र भगवान का प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले आश्रम की परंपरा के अनुसार अभिषेक पूजन अर्चन किया गया। श्री दास ने बताया की उदासीनाचार्य भगवान श्री चंद्र जी महाराज का जन्म प्रादुर्भाव भाद्रपद शुक्ल नवमी विक्रम संवत 1551 में माता सुलक्ष्णा के गर्भ से गुरु नानक जी के पुत्र के रूप में जन्म लिया था। श्री चंद्र जी महाराज आत्मनिष्ठ दृढ़ संकल्प योग साधाना व पारदर्शिता के धनी थे। भगवान चंद्र महाराज ने जन कल्याणार्थ अनेक रचनाएं की हैं। भरत दास जी महाराज ने बताया की अयोध्या में श्री चंद्र भगवान की ही प्रेरणा से पूरा आश्रम पुष्पित पल्लवित हो रहा है और आज उनकी 528 वी जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। महंत डा भरत दास ने कहा कि श्रीचंद्र भगवान ने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिये शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर तथा गणपत्य मतावलंवियों को संगठित कर पंचदेवोपासना की प्रतिष्ठा की। उन्होंने कहा कि उदासीनाचार्य जी वैदिक कर्मकाण्ड के पूर्ण समर्थक थे। उन्होनें ज्ञान–भकित के समुच्चय सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होनें करामाती फकीरों, सूफी संतों, अघोरी तांत्रिकों और विधर्मियों को अपनी अलौकिक सिद्धियों और उपदेशों से प्रभावित कर वैदिक धर्म की दीक्षा दी। बाह्माडम्बर, मिथ्याचार अवैदिक मत–मतान्तरों, पाखंडों का खंडन कर श्रुति–स्मृति सम्मत आचार–विचार की प्रतिष्ठा की। भावात्मक एवं वैचारिक धरातल पर जीव मात्र की एकता का प्रतिपादन किया। जाति–पांति, ऊँच–नीच, छोटे–बड़े के भेदभाव को समाप्त कर मानव मात्र की मुकित की राह दिखाई।

## देवा में शिक्षक दिवस पर याद किए गए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन : हुआ रंगारंग आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : उसरू–अमौना स्थित देवा इंटर कॉलेज व देवा पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा व कोआर्डिनेटर पूर्णिमा पांडे सहित सभी शिक्षकों ने मां सरस्वती व देश के दूसरे राष्ट्रपति, शिक्षकों के आदर्श व शिक्षक दिवस के जनक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। छात्र–छात्राओं में शिक्षकों से आशीर्वाद पाने व उन्हें सम्मान देने का विशेष उत्साह रहा। इस अवसर पर सभी सीनियर कक्षाओं में छात्र–छात्राओं ने केक काटकर शिक्षकों का सम्मान किया। प्राइमरी कक्षाओं में स्पेशल इंचार्ज छात्राओं–कक्षा 11ए की श्वेता चौरसिया, यशी मिश्रा व अंबिका तिवारी तथा कक्षा 9सी की छात्रा प्रसून उपाध्याय ने प्राइमरी कक्षाओं में शैक्षिक कार्य कर शिक्षकों के स्थान, महत्व व उपयोगिता को समझा। प्राइमरी कक्षाओं में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक छात्रा अपर्णा सोनी ने शिक्षिका बनकर बच्चों को पढ़ाने के क्रम में शिक्षिकाओं की नकल उतारी। नर्सरी के समस्त छात्र छात्राओं ने पढ़ाई करते हुए शिक्षकों के महत्व को जाना व समझा। कार्यक्रम के समापन में सभी शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधक ने आशीर्वाद, तिलक–चंदन के साथ उपहार प्रदान कर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि शिक्षा प्रवाह की तरह होती है। जिसे शिक्षक सही दिशा प्रदान करता है। नित्य राष्ट्र के उत्थान के लिए तप करता है और अपनी योग्यता में वृद्धि करते हुए सभी को ज्ञान प्रदान करता है। इस अवसर पर सभी शिक्षकों में हर्षोल्लास रहा व सभी ने अत्यंत उत्साही होकर कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।

### नगर निगम के गठन के बाद 2018–2023 पंचवर्षीय कर निर्धारण करने की तैयारी में

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : नगर निगम के गठन के बाद 2018–2023 पंचवर्षीय कर निर्धारण की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए पूरे अयोध्या जोन में भवनों का सर्वे कराया गया और नया मकान नंबर आवंटित कर टैक्स का निर्धारण किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रक्रिया में रामजन्म भूमि को शामिल नहीं किया गया जिससे 'रामलला' के नये भवन का भवन नंबर नहीं आवंटित हुआ है। वह भी तब जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से केन्द्र सरकार द्वारा गठित श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तत्वावधान में राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। नींव भराई के बाद फर्श निर्माण पूरा हो चुका है और सुपर स्ट्रक्चर के निर्माण की प्रक्रिया एक जून 2022 से चल रही है। ट्रस्ट के मुताबिक अब तक 40 प्रतिशत काम हो चुका है। अयोध्या जोन की सहायक नगर आयुक्त अंकिता शुक्ला का कहना है कि मंदिरों को टैक्स से मुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इस संदर्भ में कई स्टेप पर मंथन हो रहा है जिसमें टोकन मनी के लिए अलग–अलग श्रेणियां तय की जा रही हैं। इसके बावजूद वार्डवार किए गये सर्वे में दर्ज किए गये भवनों को नया नंबर आवंटित किया गया है। यहां तक कि सैकड़ों भवन तो बेनामी दर्ज किए गये हैं जिनके भवन स्वामियों का नाम व पता तक नहीं शामिल है। छह दिसम्बर 92 की घटना के बाद केंद्र सरकार ने अयोध्या एक्ट के जरिए सात जनवरी 1993 को रामजन्मभूमि समेत 70 एकड़ की परिधि में भूमि/भवनों को अधिग्रहीत कर लिया था। इसके कारण 1977–82 की पंचवर्षीय कर निर्धारण में आवंटित भवनों के नंबर ही 1991–92 में भी प्रभावी थी क्योंकि नगर निकाय अधिनियम 1916 के अन्तर्गत 1988–89 में पहली बार अयोध्या नगरपालिका परिषद का चुनाव हुआ था। इस बोर्ड में निर्धारण प्रक्रिया शुरु नहीं कराई जा सकी। श्रीरामजन्मभूमि न्यास को पट्टे पर भूमि का आवंटन का मुस्लिमों ने किया था विरोध उधर देशव्यापी राम मंदिर आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार का गठन हुआ।1991 में श्रीराम जन्मभूमि न्यास को विवादित परिसर को छोड़कर आसपास की नजूल व मातहती भूमि को मिलाकर 42 एकड़ भूमि का बेमियादी पट्टा रामजन्मभूमि न्यास के पक्ष में कर दिया था।

## सरकार की मंशा पर पानी पर पानी फेर रहे कोटेदार : सरकारी राशन को खुले बाजार जा रहा बेचा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : सरकार की मंशा पर पानी पर पानी फेर रहे कोटेदार, सरकारी राशन को खुले बाजार जा रहा बेचा।सरकारी राशन को लेकर कोटेदार की कालाबाजारी का मामला आया सामने।सरकारी राशन को बाजार में बेचने जा रहे कोटेदार के राशन को ग्रामीणों ने पकड़ा।पिकअप पर लगा था 28 बोरी सरकारी राशन का चावल।पिकअप में रख कर राशन जा रहा था बाजार।गांव वालों ने पिकअप समेत राशन को किया रौनाही पुलिस के हवाले।थाना कैंट के कोटसराय गांव का है कोटेदार। ग्राम प्रधान की अगुवाई में रौनाही थाने में कोटेदार के खिलाफ सौंपी गई तहरीर।कोटेदार के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कार्यवाही करने की की गई मांग।खाद एवं रसद विभाग की तरफ से अभी तक नहीं हुई है कोई कार्यवाही।मौके पर रौनाही थाने में पहुंचे थे खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी।खाद रसद विभाग के ढुलमुल रवैया को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश।

## डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : पी डी पांडे इंटर कॉलेज सोनैसा में 5 सितंबर दिन सोमवार को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा अपनी–अपनी कक्षाओं को सुंदर तरीके से सजाया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पांडे ने शिक्षकों के साथ कक्षाओं का निरीक्षण किया जिसमें बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली तधा पठन–पाठन बेहतर ढंग करने पर उन्हें बधाई भी दी । तथा बच्चो के बीच केक काटकर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिस को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पांडे ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन हम लोग इसलिए मनाते हैं क्योंकि वह हम शिक्षकों के लिए प्रेरणा के स्रोत है । उन्होंने जीवन पर्यंत शिक्षा के उत्थान के लिए कार्य किया है वह प्रथम उपराष्ट्रपति द्वितीय राष्ट्रपति बने। तधा भारत रत्न से भी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने अवकाश प्राप्त सहायक अध्यापिका गीता पांडेय को विद्यालय में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए शाल ओढ़ाकर तथा बुके भेंट कर सम्मानित किया ।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पांडे ने विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी, सहायक अध्यापक सच्चिदानंद शुक्ला, तथा संत सिंह को शाल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश पाठक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान लिपिक मनोज पांडे, अनिल पांडे, अमित मिश्रा ,राधेश्याम वर्मा, विनीत मिश्र,सुनील दुबे, अरुण दुबे ,प्रभात गुप्ता ,अशोक मिश्रा ,शशिकांत पांडे ,राजकुमार का रूस, विजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, सुनील वर्मा ,निकलेश पांडे, मिथिलेश पांडे ,अरविंद कुमार, रंगनाथ पांडे, विजय कुमार, रघुनाथ निषाद आदि उपस्थित रहे।

## देवास में मना शिक्षक सम्मान समारोह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : रेवती गंज स्थित देवास पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र – छात्राओं ने शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक सहदेव उपाध्याय, विद्यालय प्रमुख पिंकी उपाध्याय व प्रधानाचार्या नीलम शुक्ला ने मां सरस्वती का माल्यार्पण व पूजन अर्चन करते हुए भारत देश के हमारे पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया, व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। छात्रा सिंपल रावत ने शिक्षकों के सम्मान में कविता की प्रस्तुति की। कक्षा नौवीं की छात्रा आकांक्षा ने गीत हर तरफ हर जगह हर कहीं पे है। नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने सभी को राधाकृष्णन के आदर्शों से अवगत कराते हुए कहा कि डॉ राधाकृष्णन समूचे विश्व को एक विद्यालय मानते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। अतः विश्व को एक ही इकाई मानकर शिक्षा का प्रबंधन करना चाहिए। उनका कहना था कि जहां कहीं से भी कुछ सीखने को मिले उसे अपने जीवन में उतार देना चाहिए। ''शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें''।प्रबंधक ने कहा कि गुरु है जो अंतर्मन को अलौकिक कर देता है, छात्रों ने जीवन में शिक्षकों के योगदान का सटीक चित्रण प्रस्तुत किया । छात्र छात्राओं ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाया एवं उनका मुंह मीठा करा कर सम्मानित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यार्थियों ने केक काटकर उत्सव मनाया। प्रधानाचार्या नीलम शुक्ला ने कहा शिक्षक का अर्थ –शि – शिखर तक ले जाने वाला, क्ष–क्षमा की भावना रखने वाला, क – कमजोरी दूर करने वाला। अर्थात् जो विद्यार्थी की हर गलती को क्षमा करने की भावना रखता है, और उसकी हर कमजोरी दूर कर उसको शिखर तक ले जाता है वही सच्चा ''शिक्षक'' कहलाता है। विद्यालय निर्देशक सहदेव उपाध्याय ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस के अवसर पर उपहार देकर सम्मानित किया। को अंत में प्रधानाचार्या ने सभी शिक्षकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया एवं शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

## अपना दल प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार पटेल का हुआ स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार पटेल का कोट सराय ओवर ब्रिज के पास जिला अध्यक्ष कृष्ण देव पटेल की अगुवाई में अपना दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पटेल ने कहा कि उनको फैजाबाद मंडल का सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया है। वह शहर के साहू पैलेस में मंडल के आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने का शुभ आरंभ करने जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में प्रदेश महासचिव ने कहा आवारा पशु तथा बिजली ट्रिपिंग की समस्या सरकार के संज्ञान में है सरकार इसके निवारण का प्रयास लगातार कर रही है। स्वागत करने वालों में अंजनी मौर्या, रमेश वर्मा, अंजनी सेन, मदन मौर्या, जेडी वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सत्रोहन वर्मा, बबलू वर्मा आदि मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।